# UNIVERSITY NEWS 26 MAY 2026

HINDUSTAN

## एलयू प्लेसमेंट सेल ने जारी किए रोजगार अवसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल ने सामाजिक विकास और ग्रामीण आजीविका क्षेत्र से जुड़े रोजगार अवसर उपलब्ध कराए हैं। यह अवसर धरमपाल सत्यपाल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट साम्या और उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन के माध्यम से दिए जा रहे हैं। डीएसएफ के प्रोजेक्ट साम्या के तहत जेंडर रिसोर्स पर्सन पद पर नियुक्तियां होंगी। चयनित उम्मीदवारों को 25 से 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई  है।

## एलयू में प्रो. आंचल श्रीवास्तव को नई जिम्मेदारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विज्ञान विभाग की प्रोफेसर आंचल श्रीवास्तव को इंस्टीट्यूट ऑफ वुमन स्टडीज का समन्वयक और मिशन शक्ति का नोडल ऑफिसर बनाया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार वह अगले आदेश तक इस पद पर बनी रहेंगी।

## एलयू में नए कुलानुशासक मंडल का गठन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नए कुलानुशासक मंडल के गठन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि इस मंडल में कुल 25 सदस्य हैं जिनमें सर्वाधिक आठ-आठ सदस्य विधि और इंजीनियरिंग संकाय से हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें।

## पीएचडी आवंटन पत्र कल तक जमा करने का मौका

एलयू में शैक्षिक सत्र 2025-26 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत जिन छात्रों ने फीस जमा कर दी है, वे सभी छात्र संबंधित विभाग में आवंटन पत्र और फीस रसीद 27 मई तक आवश्यक रूप से जमा करा दें। इस संबंध में विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

## शारीरिक शिक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षा 29 को

एलयू में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत शारीरिक शिक्षा विभाग के बीए दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 29 मई को होंगी। इसके अलावा बीए चौथे सेमेस्टर का माइनर प्रोजेक्ट एक जून को सुबह 11 बजे से होगा। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार ने निर्देश जारी किया।

HINDUSTAN

## ग्रीष्म अवकाश में भी लग सकती है ड्यूटी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में एक जून से 11 जुलाई 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी एक अन्य आदेश में कहा गया है कि यह अवकाश निर्धारित शर्तों के अधीन प्रभावी रहेगा। विवि प्रशासन के अनुसार, ग्रीष्मावकाश में परीक्षा, मूल्यांकन, प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जरूरत पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा सकेगी।

कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और निदेशक आवश्यक शिक्षकों की सूची कुलसचिव कार्यालय को भेजेंगे।

AMAR UJALA

## लविवि : सामाजिक क्षेत्र में बनाएं कॅरिअर, 50 हजार तक मानदेय

लखनऊ। लविवि का प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के लिए विकास और सामाजिक क्षेत्र में कॅरिअर के दो महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराने जा रहा है। यह अवसर धरमपाल सत्यपाल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट साम्या और उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन के माध्यम से दिए जा रहे हैं। इनमें जेंडर रिसोर्स पर्सन और यंग प्रोफेशनल के पद शामिल हैं, जिनके लिए 50,000 रुपये प्रतिमाह तक का मानदेय मिलेगा।

### जेंडर रिसोर्स पर्सन और यंग प्रोफेशनल के पदों पर होगी भर्ती



प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि लविवि का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक परिवर्तन और सामुदायिक नेतृत्व से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन (यूपीएसआरएलएम) ने यंग प्रोफेशनल के पदों पर भर्ती निकाली है। इस पद के लिए एमबीए और एमएसडब्ल्यू पृष्ठभूमि के अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 50 रुपये प्रतिमाह तक का मानदेय दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 मई 2026 है।

इसके अलावा प्रोजेक्ट साम्या के तहत जेंडर रिसोर्स पर्सन के पद पर नियुक्तियां होंगी। इसके लिए सोशल वर्क, जेंडर स्टडीज, लॉ और अन्य सामाजिक विज्ञान विषयों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इस पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को 25 से 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 है। इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों को पारंपरिक रोजगार के बजाय सामाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण से जुड़े क्षेत्रों में भी सक्रिय होना चाहिए। विवि का लक्ष्य ऐसे अवसर प्रदान करना है, जहां विद्यार्थी सामाजिक संवेदनशीलता भी विकसित कर सकें। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

## लविवि में एनआरआई के लिए पांच वर्षीय एलएलबी कोर्स में 30 सीटें

लखनऊ। लविवि ने एनआरआई और एनआरआई-प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए पांच वर्षीय एलएलबी और बीटेक में प्रवेश की काउंसिलिंग प्रक्रिया के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विवि ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा। दस्तावेज अधूरे होने पर उन्हें काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। बीएएलएलबी में एनआरआई और एनआरआई-प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए 30 सीटें हैं जबकि बीटेक में कुल 38 सीटें हैं।

### बीटेक की 38 सीटों पर लिए जाएंगे प्रवेश, विवि ने जारी की गाइडलाइन

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, अभ्यर्थियों को 10वीं और 12वीं की मूल अंकतालिकाएं, आयु प्रमाणपत्र और भारतीय दूतावास से जारी एनआरआई प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। एनआरआई से संबंध साबित करने वाले दस्तावेज और प्रायोजक का पूरे पाठ्यक्रम का खर्च वहन करने संबंधी पत्र भी आवश्यक है। एनआरआई प्रमाणपत्र न होने पर अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त हो जाएगी। काउंसिलिंग के समय 10 हजार रुपये अग्रिम शुल्क और 2500 रुपये काउंसिलिंग शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। अग्रिम शुल्क सीट न मिलने पर वापस होगा, जबकि काउंसिलिंग शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। दोनों ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के पक्ष में देय होंगे।

विवि प्रशासन ने बताया कि काउंसिलिंग के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक है। इसलिए सभी अभ्यर्थियों को सीट मिलना सुनिश्चित नहीं है। वर्तमान में एनआरआई अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक ट्यूशन फीस 7000 अमेरिकी डॉलर निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी फीस जमा करनी होगी, अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

## प्रो. आंचल श्रीवास्तव को नई जिम्मेदारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विज्ञान विभाग की प्रोफेसर आंचल श्रीवास्तव को इंस्टीट्यूट ऑफ विमेन स्टडीज का समन्वयक और मिशन शक्ति का नोडल ऑफिसर बनाया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने यह जानकारी दी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी से उन्हें बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

I NEXT

## एनआरआइ कोटे से भी होगा एडमिशन

LUCKNOW: लखनऊ यूनिवर्सिटी में एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) और बीटेक पाठ्यक्रमों में पहली बार एनआरआइ और एनआरआइ स्पांसर्ड कोटे के तहत भी प्रवेश दिया जाएगा. सोमवार को www.lkouniv.ac.in पर विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई. इच्छुक अभ्यर्थी https://lurn.lkouniv.ac.in/lunriapp26 के माध्यम से 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं.